## प्रपत्र 13(b)

# Justification of Land

जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर के अन्तर्गत ग्राम पपड़ियान, तौलीभूड़, लांघा ग्राम पष्टा का लोअर पीपलसार तथा अपर रूद्रपुर ग्रामों की स्प्रिंकलर आधारित लिफ्ट सिंचाई योजना के निर्माण से इन ग्रामों की कुल 423.00 हैक्टेयर असिंचित क्षेत्र की सिंचाई हो सकेगी। इस योजना के उक्त ग्रामों का समस्त क्षेत्रफल अधिकांशतः ऊँचा नीचा तथा भूमि कंकण मिश्रित है। कृषि भूमि ऊँचा नीचा होने के कारण इस क्षेत्र की सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर/रेनगन के माध्यम से सिंचाई की जानी प्रस्तावित है। स्प्रिंकलर सिंचाई, फलड सिंचाई की अपेक्षा अधिक लाभ प्रद होती है। इस क्षेत्र की आय का मुख्य साधन कृषि है।

इस क्षेत्र की कृषि भूमि उपजाऊ है, किन्तु सिंचाई के अभाव में स्थानीय अधिकांशतः मक्का, बाजरा, गेहूं एवं चारे की खेती करते है। इस प्रकार के कृषि कार्य से कृषकों को कोई लाभ नहीं होता है। सिंचाई की उक्त योजना के निर्माण से स्थानीय कृषक नगदी फसलों, जैसे टमाटर, गोभी, भिंडी, प्याज, आलू, अदरक, हल्दी, मिर्च आदि का उत्पादन कर सकेंगें। जिससे कृषकों की आय में अधिक वृद्धि होगी। स्थानीय कृषक आर्थिकएवं सामाजिक रूप से सशक्त होगा।

प्रस्तावित वन भूमि में योजना की मुख्य डिलेवरी पाईप लाईन बिछाई जाएगी, जिसके फलस्वरूप कृषकों को सिंचाई हेतु आवश्यकतानुसार पानी उपलब्ध हो सकेगा। इस क्षेत्र में सिंचाई हेतु अन्य कोई पानी का स्त्रोत न होने के कारण विभागीय कटापत्थर नहर से पानी लिफ्ट करके योजना का निर्माण किया जा रहा है। योजना निर्माण से कृषकों की बर्षो पुरानी सिंचाई की मांग पूर्ण हो सकेगी, और कृषकों की वर्षा पर आधारित सिंचाइ निर्भरता समाप्त होगी। योजना निर्माण से स्थानीय कृषकों के रोजगार में भी वृद्धि होगी।

अतः योजना के निर्माण हेतु समरेखण के अनुसार मुख्य डिलेवरी पाईप लाईन बिछाने हेतु अन्य कोई विकल्प न होने के कारण वन भूमि की अत्यन्त आवश्यकता है, जिसके लिए वन भूमि का हस्तान्तरण नितान्त आवश्यक होगा।

अपर सहायक अभियन्ता,
नलकूप खण्ड, देहरादून

सहायक अभियन्ता,
नलकूप खण्ड, देहरादून
Assistant Engineer
Tubewell Sub Division IV
Dakpathar

अधिशासी अभियन्ता,
नलकूप खण्ड, देहरादून
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप खण्ड–देहरादून

वन क्षेत्राधिकारी,
लांघा रेंज

उप प्रभागीय वनाधिकारी,
कालसी भू0स0 वन प्रभाग,
कालसी

प्रभागीय वनाधिकारी,
कालसी भू0स0वन प्रभाग,
कालसी
प्रभागीय वनाधिकारी
कालसी भू0स0 वन प्रभाग,
कालसी।

उप–प्रभागीय वनाधिकारी
सहसपुर उप वन प्रभाग,
कालसी।

Scanned with OKEN Scanner